# HDFC Bank to launch all-in-one mobile app

सहूलियत - एचडीएफसी बैंक ने पेश किया पेजएप, जो बदल देगा भुगतान का तरीका

## हर भुगतान के लिए बस एक एप काफी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली




तकनीकी में हो रहे तेजी से बदलाव के मद्देनजर माना जा रहा है कि सामान्य बैंकिंग कारोबार करने वाले बैंकों को अपना बोरिया-बिस्तर बांधना पड़ेगा। इस आशंका को भांपकर ही देश में निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े एचडीएफसी बैंक ने एक ऐसे एप को बाजार में उतारने का फैसला किया है, जो भुगतान करने के तरीके को ही बदल देगा। इसे पेजएप का नाम दिया गया है। यह अगले हफ्ते से मोबाइल फोन पर डाउनलोड किया जा सकेगा। इससे घर के बिजली व पानी का बिल भुगतान करने के साथ ही इंटरनेट पर खरीदारी करने या टैक्सी बिल का भुगतान करने तक का काम किया जा सकेगा।

**बिजली बिल से लेकर इंटरनेट पर खरीदारी करना आसान**

एचडीएफसी बैंक के एमडी व सीईओ आदित्य पुरी ने बताया कि इंटरनेट के जरिये भुगतान करने में सबसे बड़ी समस्या यह है कि हर भुगतान के लिए नए सिरे से जानकारी डालनी होती है। जबकि पेजएप के जरिये आप सिर्फ एक बार लॉग इन करते हैं। उसके बाद किसी भी तरह का भुगतान कर सकते हैं। पेजएप डाउनलोड करने के बाद इसमें अपनी क्रेडिट या डेबिट कार्ड की जानकारी पंजीकृत करनी होगी। इसके अलावा कोई भी अन्य भुगतान का तरीका अपनाने की जरूरत नहीं होगी। बैंक इस एप के जरिये 10 हजार से ज्यादा तरह के संस्थानों को भुगतान करने की सुविधा देगा। इससे होटल, टैक्सी बुकिंग करने के साथ ही कर्ज भी हासिल किया जा सकता है। निवेश किए जा सकते हैं। फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) स्कीमों में पैसा लगाया जा सकता है।

एचडीएफसी की तरफ से पिछले कुछ दिनों में लांच की जाने वाली यह दूसरी तकनीकी आधारित सेवा है, जबकि अभी तक कई सरकारी बैंक अपना क्रेडिट कार्ड तक लांच नहीं कर पाए हैं। सिर्फ गिने-चुने सरकारी बैंकों ने मोबाइल एप लांच किए हैं। मोबाइल से खरीदारी और घरेलू बिलों का भुगतान करने की रफ्तार में 70 फीसद की वृद्धि हो रही है। इंटरनेट से खरीद करने का कारोबार चार वर्षों में चार अरब डॉलर से बढ़कर 25 अरब डॉलर का हो चुका है। पुरी का कहना है कि इस एप के जरिये खरीदारी करने पर अतिरिक्त छूट भी दिलाई जाएगी।